Vidhyashram Institute of Teachers' Training, Jodhpur

Activity Name: NCC DAY- 2023

Organized by: 1 Raj Engr Regt NCC

Date: 26th November 2023

Place: Kendriya Vidhyalay No. 2 (Army), Jodhpur

वन राज इंजीनियरिंग रेजीमेंट एनसीसी जोधपुर द्वारा रविवार 26th नवंबर 2023 को 76वां एनसीसी दिवस केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में मनाया गया। इस अवसर पर कैडेट्स द्वारा कमान अधिकारी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कमान अधिकारी द्वारा निरीक्षण कर गार्ड को सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम डीजी एनसीसी द्वारा भिजवाए गए संदेश को समारोह में पढ़कर सुनाया गया। तत्पश्चात इंजीनियरिंग रेजीमेंट के विभिन्न उप इकाइयों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसमें एपीएस स्कूल, राजकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय जोधपुर, **विद्याश्रम इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स ट्रैनिंग**, आरसीएम स्कूल इत्यादि संस्थाओं के कैडेट्स ने विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दी। कैडेट्स ने पोस्टर कंपटीशन में बढ़चढ़ कर भाग लिया। इसमें एपीएस स्कूल प्रथम तथा आरएसएम स्कूल द्वितीय स्थान पर रहे। **वही सोलो सोंग में एपीएस स्कूल एवं विद्याश्रम के कैडेट्स प्रथम स्थान पर रहे। विद्याश्रम इंस्टिट्यूट** के कैडेट्स ने राष्ट्रीय एकता के उद्देश्य को लेकर एक नाटक प्रस्तुति दी तथा देशभक्ति गीत पर समूह नृत्य भी प्रस्तुत किया। **विद्याश्रम के कैडेट्स ने ग्रुप डांस में प्रथम स्थान प्राप्त किया और सभी प्रतिभागियों को कमांडिंग ऑफिसर द्वारा गोल्ड मैडल पहना कर सम्मानित किया गया।** कमान अधिकारी कर्नल बलदेवसिंह चौधरी ने अपने उद्बोधन में सभी को एनसीसी दिवस पर विशेष रूप से कैडेट्स को बधाई दी। उन्हें निस्वार्थ भाव से सेवा एवं अनुशासित रहने के लिए प्रेरित किया तथा विभिन्न उपनिषदों के उदाहरण देकर सत्य की राह पर चलने का आह्वान किया। कैडेट्स को अपने स्वयं के जीवन में आई कई कठिनाइयों का जिक्र करते हुए बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। लगातार मेहनत करके लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन **विद्याश्रम की कैडेट्स मानसी गहलोत एवं प्रतिभा ने किया और बेहतरीन संचालन के लिए उन्हें भी कर्नल बलदेव ने गोल्ड मैडल दे कर प्रोत्साहित किया।**

KENDRIYA VIDYALAYA NO. 2
FIT INDIA
Digital India
G20
हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्। तत् त्वं पूषन् अपावृणु सत्यधर्माय दृष्टये।।
NCC
Nov 2023

केन्द्रीय विद्यालय
KENDRIYA VIDYALAYA NO. 2
Digital India
G20
ENGR REGT